बैतूल जिले के कलेक्टर श्री ज्ञानेश्वर पाटिल इस प्रक्रिया में गहरी दिलचस्पी लेते हुए इस पूरे जिले में सुनियोजित रूप से फैला रहे हैं। वे न केवल ग्रामीण प्रेरकों से सीधे बात कर उन्हें प्रोत्साहित करते रहते हैं बल्कि सार्वजनिक समारोहों में इन्हें पुरस्कृत करते हैं। इसके अतिरिक्त अभियान से मिलने वाली धनराशि पंचायतों को शीघ्रता से उपलब्ध हो, हितग्राहियों के लिए ग्राम पंचायतें गुणवत्तापूर्ण सामग्री खरीदें और प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों से बेहतर शौचालय का निर्माण हो इसके लिए ब्लॉक अधिकारियों, स्वच्छता समन्वयकों तथा तकनीकी अधिकारियों के दायित्वों का निर्धारण कर क्रियान्वयन की समीक्षा करते हैं।

इस अभियान में दो संस्थाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। मध्यान्ह भोजन की महिला स्वसहायता समूह और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति का। इनके सदस्यों ने सुबह शाम निगरानी दल के साथ मिलकर बाहर शौच जाने वालों को रोकने में और शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित करने में प्रमुख भूमिका निभाई है।

बैतूल जिले के मुलताई ब्लॉक की 12 ग्राम पंचायतों में इसी विधि से शौचालय निर्माण और शौचालय उपयोग का अभियान चल रहा है। अगले 2-3 महीनों में ये सभी ग्राम पंचायतें खुले में शौच मुक्त हो जाएंगी। इस गतिविधि से प्राप्त सीख और दृढ़ निश्चयी स्वच्छता दूतों का प्रेरक दल के रूप में उपयोग कर सम्पूर्ण बैतूल जिले को खुले में शौच मुक्त बनाने का लक्ष्य है। शुरुआत हो गई है तो परिणाम हासिल होकर रहेगा।

लेंदागोंदी भी इसी प्रकार की गतिविधियों द्वारा दो माह से कम समय में खुले में शौच मुक्त बना। ग्राम में न केवल 100 से ज्यादा शौचालय बने बल्कि सभी ने इसका उपयोग किया। वहाँ महिलाओं और बच्चों के समूह ने बाहर शौच करने जाने वाले के सामने ताली बजा-बजा कर शर्मसार किया। नतीजतन चाहे 50 वर्ष के भाऊजी हों या 50 वर्ष की कनोती बाई, इनके जैसे सैकड़ों ग्रामीणों ने बाहर शौच करना बंद किया। पूछने पर वे कहते हैं कि पहले जब महिलाएँ, बच्चे ताली बजाते तो गुस्सा आया फिर शर्म आने लगी और हमने शौचालय के उपयोग पर और जिनके पास नहीं थे उन्होंने बनवाने पर ध्यान दिया। अब इन्हें अच्छा लगता है। इन्होंने अपना संस्कार बदला तो गांव में एक गर्व यात्रा निकली और नारा लगा- बंद कर दी, बंद कर दी, खुले में शौच बन्द कर दी। जिला बैतूल में इसी प्रकार कुशल प्रेरकों के सहयोग से समुदाय की भागीदारी के साथ तथा प्रशासन के कुशल नेतृत्व में कई ग्राम सम्पूर्ण स्वच्छता की और धीरे-धीरे किन्तु ठोस कदम बढ़ा रहे हैं।

● अजीत तिवारी

जल संव

प्रदेश के वर्षा आधारित कृषि क्षेत्रों में स्थानीय ग्रामीणों की सुदृढ़ आजीविका के लिए जल संरक्षण तथा संवहनीय कृषि उत्पादन मूलभूत आवश्यकता है। अतः ऐसे वर्षा आधारित कृषि क्षेत्रों में जलग्रहण क्षेत्र विकास कार्य के साथ-साथ कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी और आजीविका उन्नयन के समेकित उद्देश्य को मूर्त रूप देने के लिए वर्ष 2009 से एकीकृत जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भूमि संसाधन विभाग तथा राज्य शासन द्वारा 90:10 के अनुपात में वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2009-10 में 6.65 लाख हैक्टेयर में उपचार हेतु रुपये 798 करोड़ की 115 परियोजनायें प्रारंभ की गई थीं। कार्यक्रम के कार्यक्षेत्र में उत्तरोत्तर विस्तार हो रहा है। प्रतिवर्ष औसतन 5-6 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में नवीन परियोजनाओं की स्वीकृति के साथ वर्ष 2014-15 में कार्यक्रम का विस्तार 29 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में हो गया है। एकीकृत जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्तमान में रुपये 3481 करोड़ की लागत से 511 परियोजनाएं कार्यान्वित हो रही हैं।

कार्यक्रम की आयोजना और क्रियान्वयन को परिणाम मूलक बनाने के लिए जो विशिष्ट प्रयास किये गये हैं वे निम्नानुसार हैं :-

- परियोजना स्तर पर विषय विशेषज्ञों की पूर्णकालिक वाटरशेड टीम उपलब्ध करायी गई है।
- कार्यक्रम में 54 स्वयं सेवी संगठनों को भागीदार बनाया गया है। इसके साथ ही कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत 10 कॉरपोरेट संगठनों को भी कार्यक्रम भागीदार बनाया गया है।
- परियोजनाओं की आयोजना के लिए रिमोर्ट सेंसिंग आंकड़ों का उपयोग कर 1:10000 के पैमाने पर खसरा आधारित एक्शन प्लान तैयार किये गये हैं।
- क्षमतावर्धन एवं कौशल विकास के लिए देश के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों से समन्वय किया गया।
- कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए पैकेज ऑफ प्रेक्टिस अपनाई गई है। साथ ही तकनीकी सहयोग एवं सलाह के लिए कृषि विश्वविद्यालयों और कृषि विज्ञान केन्द्रों से भी समन्वय किया गया है। कार्यक्रम की गतिविधियों के फलस्वरूप परियोजना क्षेत्रों में खरीफ एवं रबी के उत्पादन में औसतन 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।



एकीकृत जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन कार्यक्रम

र्धन के साथ आजीविका

कृषि उत्पादन में बढ़ोत्तरी

दमोह जिले में एकीकृत जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन कार्यक्रम के तहत माइक्रोवाटरशेड मुड़ा-मुआरी में विविध जलग्रहण क्षेत्र विकास कार्य मेढ़ बंधान, गली प्लग एवं चैक डेम के कार्य कराये गये हैं। इन कार्यों से कुल 19 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित की गई है जिसके फलस्वरूप 11 हैक्टेयर एक फसलीय भूमि को द्विफसलीय क्षेत्र में परिवर्तित किया गया है और 8 हैक्टेयर पड़त भूमि को भी पुनः उत्पादन योग्य बनाकर द्विफसलीय क्षेत्र में विकसित किया गया है। कृषि उत्पादन में संवहनीय बढ़ोतरी के लिए जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से धान, गेहूं, चना, अरहर, उड़द एवं सोयाबीन के प्रजनक बीज उपलब्ध कराये गये। पैकेज ऑफ प्रेक्टिस को अपनाये जाने से परियोजना क्षेत्र में जहां पूर्व में कृषि उत्पादन 20-22 क्विंटल प्रति हैक्टेयर था वहीं वर्तमान में 30-32 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन दर्ज किया गया है।

पेयजल समस्या का निदान

दतिया जिले में एकीकृत जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन कार्यक्रम अंतर्गत “प्रारंभिक कार्यकलाप मद” से सहरिया बाहुल्य ग्राम गोविन्द नगर में पेयजल समस्या का निराकरण सौर ऊर्जा से संचालित पम्प और जल वितरण प्रणाली स्थापित कर किया गया है। इससे पहले गांव में पानी के लिए कोई स्थानीय स्त्रोत नहीं था। ग्रामीणों को 3 किलोमीटर दूर स्थित कुएं से पानी लाना पड़ता था। योजना के तहत गांव में ही एक नलकूप का खनन किया जाकर इसके साथ 1.25 हार्स पावर का सौर ऊर्जा चलित पम्प स्थापित किया गया है तथा 1000 लीटर की पाइप लाइन बिछाकर 54 नल कनेक्शन पूरे गांव दिये गये हैं। संपूर्ण कार्य पर रुपये 6.25 लाख का व्यय हुआ है। कार्य के फलस्वरूप 84 परिवारों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है।

● शरद जैन

किसान भाईयों से यह अपील की जाती है कि कृपया फसल अवशेष को खेत में न जलावें इससे पर्यावरण, पशु-पक्षी, वन एवं मृदा को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

नरवाई को जलाना
जैव विविधता पर खतरा

आज के दौर में औद्योगिकीकरण तथा कृषि क्षेत्र में मजदूरों की अनुपलब्धता के कारण फसलों की कटाई हार्वेस्टर द्वारा की जा रही है, जिससे खेत में लगभग 1-1.5 फुट की ऊंचाई के फसल अवशेष छूट जाते हैं, आगामी फसल की बुवाई में कठिनाई से बचने के लिए किसान इन फसल अवशेषों को जलाकर नष्ट कर देते हैं।

फसल अवशेष जलाने के पर्यावरणीय प्रभाव क्या हैं?

- **वायुमण्डल पर प्रभाव-** हार्वेस्टर द्वारा लगभग 1-1.5 फुट की ऊंचाई से फसल कटाई की जाती है जिससे प्रति हैक्टर लगभग 3-3.5 टन फसल अवशेष खेत में छूट जाते हैं। प्रति टन धान की फसल अवशेष को जलाने पर जिसमें 70 प्रतिशत कार्बन पाया जाता है इससे 3 कि.ग्रा. कणिकीय पदार्थ, 60 कि.ग्रा. कार्बन मोनोऑक्साइड, 1460 कि.ग्रा. कार्बन डाइऑक्साइड, 199 कि.ग्रा. राख तथा 2 कि.ग्रा. सल्फर डाइऑक्साइड के साथ अन्य जहरीली गैसें वायुमण्डल में उत्सर्जित होती हैं। धान के पुआल में लगभग 2 प्रतिशत नाइट्रोजन पाई जाती है, जो जलाने पर नाइट्रस आक्साइड बनकर वायुमण्डल में मिलती है तथा फसल अवशेष जलाने पर भारी मात्रा में धुएं के साथ कणिकीय पदार्थ भी वायुमण्डल में मिलते हैं जिससे मनुष्यों में बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है।
- **मृदा पर प्रभाव-** फसल अवशेष जलाते समय मृदा की ऊपरी परत जो पोषक तत्वों, सूक्ष्म जीवों एवं कार्बनिक पदार्थों का मुख्य स्रोत है इसका ताप बढ़कर 75 से 80 अंश सेल्सियस तक पहुंच जाता है जिससे 1 से 2 सेंटीमीटर तक के सूक्ष्म जीव एवं कार्बनिक पदार्थ जलकर नष्ट हो जाते हैं। फसल अवशेषों को जलाते समय उन पोषक तत्वों का सबसे अधिक नुकसान होता है जो गैसीय रूप में परिवर्तित हो जाते हैं जैसे सल्फर, नाइट्रोजन एवं कार्बन; जबकि भारत की मृदा में पहले से ही सल्फर, नाइट्रोजन एवं कार्बन का स्तर कम है।
- **सूक्ष्म जीवों एवं कीट पतंगों पर प्रभाव-** फसल अवशेषों को जलाने से मृदा के अंदर के फंगस, बैक्टीरिया, दीमक, अन्य सभी सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाते हैं लेकिन बहुत सारे हानिकारक कीटों के साथ असंख्य लाभकारी जीव जैसे मधुमक्खी, केंचुआ एवं चींटी भी जलकर नष्ट हो जाते हैं।
- **जैवविविधता पर प्रभाव-** फसल अवशेषों को जलाते समय कई बार आग खेत से लगे जंगलों में पहुंचकर विकराल रूप ले लेती हैं जिससे जंगलों के हिरण, चूहा, सांप, खरगोश, नीलगाय तथा वे समस्त जीव भी नष्ट

राष्ट्रीय फसल अवशेष प्रबंधन नीति 2014

फसलों का क्षेत्रफल बढ़ने से फसल की कटाई हार्वेस्टर द्वारा की जा रही है। इसके बाद अवशेषों को किसान आग लगाकर जला रहे हैं जिससे पर्यावरण, मृदा एवं जैव विविधता को भारी क्षति हो रही है। इसके लिये भारत सरकार ने वर्ष 2014 में फसल अवशेष प्रबंधन नीति बनाई जिसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं -

- फसल अवशेषों को न जलाकर मिट्टी में मिलाना, मल्चिंग करना या संग्रहित कर पशुओं के लिए चारे में प्रयोग करना।
- फसल अवशेषों का प्रयोग चारकोल बनाने, विद्युत उत्पादन, पेपर, बोर्ड, इथेनाल तथा बंडल बनाकर उस पर मशरूम की खेती करना।
- फसल अवशेष प्रबंधन हेतु कृषकों में जन जागरूकता लाना।
- फसल अवशेषों को जलाने पर नियंत्रण रखने के लिए बने उचित नियमों का पालन करना।

हो जाते हैं जो पेड़ों पर घोंसला बनाकर रहते हैं। जैवविविधता के लिए यह आग खतरा बनते जा रही है।

- **पशु-पक्षियों पर प्रभाव-** फसल अवशेषों को जलाने के कारण चारे की उपलब्धता कम होने लगती है। एक ओर चारे की कमी वहीं दूसरी ओर मानसून का देरी से आना पशुधन को पर्याप्त मात्रा में चारा की आपूर्ति कराने में असमर्थ है। जिससे असंख्य पशु काल के गाल में समा जाते हैं। इसका सबसे अधिक प्रभाव क्षेत्रीय पशुओं एवं राजस्थान की ओर से आने वाले भेड़, ऊंट एवं गौवंशीय पशुओं पर देखा जा सकता है। फसल अवशेषों पर पलने वाले इल्लियां, दीमक, कीट, टिड्डे, एवं चूहे जो पक्षियों की आहार श्रृंखला का प्रमुख हिस्सा है अवशेषों के साथ जलकर नष्ट हो जाते हैं।

फसल अवशेष को पहले क्यों नहीं जलाया जाता था?

पहले (2005) में मध्यप्रदेश में रबी का क्षेत्रफल कम था परन्तु कृषकों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति के कारण अब 2012-2013 में सिंचित क्षेत्रफल 7 लाख हैक्टर से बढ़कर 27 लाख हैक्टर तथा वर्ष 2005 में गेहूँ एवं धान का उत्पादन क्रमशः 73 एवं 13 लाख टन से बढ़कर 2013-14 में क्रमशः 193 एवं 70 लाख टन तक प्राप्त हुआ है। खाद्यान्न फसलों में भूसे एवं दाने का अनुपात 1.3 से 1.6:1 तक होता है। इसका तात्पर्य यह है कि जितना खाद्यान्न उत्पादन बढ़ रहा है, उसी दर से फसल अवशेष का उत्पादन भी बढ़ा है।

फसल अवशेष प्रबंधन की उचित तकनीकी जानकारी के अभाव में किसान इसको आग लगाकर जला देते हैं। पर्यावरण, मृदा एवं मूल्यवान चारे को नष्ट होने से बचाने के लिए व्यापक जन-जागृति के लिए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन की तकनीकों की जानकारी तथा प्रशिक्षण दिया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

फसल अवशेष जलाने को रोकना क्यों जरूरी है?

फसल अवशेष जलाने की प्रक्रिया पर्यावरण, मृदा, पशु-पक्षी, कीट, पतंग एवं जैव विविधता के लिए बहुत बड़ा खतरा है। इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द रोकना जरूरी है। अन्यथा यह जैव विविधता के लिए बहुत बड़ा खतरा हो सकता है।

इसके उपाय क्या हैं?

निम्नलिखित तरीकों को अपनाकर फसल अवशेष को जलाने से बचाया जा सकता है।

रिपर तथा बिन को जोड़कर फसल अवशेष से भूसा बनाना- खेत में खड़ी नरवाई को ट्रेक्टर चलित रिपर से संग्रहित करके बिन में भूसा बनाकर एकत्र किया जा सकता है जिसका उपयोग पशुओं के लिए चारे में किया जा सकता है।

रोटा वेटर चलाकर मिट्टी में मिलाना- खेत में खड़ी गेहूं क्या धान की नरवाई को रोटा वेटर से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर कल्टीवेटर की सहायता से मिट्टी में मिला दिया जाता है जो मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने में सहायक है।

फसल अवशेष के उपयोग क्या हैं?

- पशुओं के लिए चारे में
- कम्पोस्ट खाद बनाने में
- फसल अवशेषों का प्रयोग बोर्ड, इथेनाल, विद्युत उत्पादन में किया जा सकता है।
- फसल अवशेषों को संग्रहित कर उस पर मशरूम की खेती सफलतापूर्वक की जा सकती है।

फसल अवशेष को जलाने से बचने के विकल्प क्या हैं?

- रिपर एवं बिन से भूसा बनाकर एकत्रित किया जा सकता है।
- रोटा वेटर चलाकर नरवाई को मिट्टी में मिलाया जा सकता है।
- फसल अवशेषों को एकत्र कर बोर्ड, इथेनाल, विद्युत उत्पादन एवं कम्पोस्ट खाद बनाई जा सकती है।

एक किसान फसल अवशेष जलाने के पहले क्या सोचे? -

एक किसान फसल अवशेष को जलाने से पूर्व निम्नलिखित बातों का विशेष ध्यान रखें :-

- खेत में लगी आग से कितने जीव-जंतु जलकर नष्ट होंगे?
- खेत में लगी आग बढ़कर कहां तक पहुंच सकती है?
- आग लगाने से पर्यावरण को कितना नुकसान होगा?
- आग लगाने से चारे का कितना नुकसान होगा?
- आग लगाने से मृदा, उर्वरता एवं सूक्ष्म जीवों, कीट-पतंगों तथा पशु-पक्षियों को कितना नुकसान होगा?

• रामरतन सिमैया

हिन्दुस्तान के वे छोटे-छोटे तथा अत्यन्त प्राचीन ग्राम समुदाय, जिनमें से कुछ आज तक कायम हैं, जमीन पर सामूहिक स्वामित्व, खेती तथा दस्तकारी के मिलाप और एक ऐसे श्रम-विभाजन पर आधारित हैं, जो कभी नहीं बदलता और जब कभी एक नया ग्राम समुदाय आरम्भ किया जाता है, तो पहले से बनी-बनाई और तैयार योजना के रूप में काम में आता है। सौ से लेकर कई हजार एकड़ तक के रकबे में फैले हुए इन ग्राम समुदायों में से प्रत्येक एक गठी हुई इकाई होता है, जो अपनी जरूरत की सभी चीजें पैदा कर लेता है। पैदावार का मुख्य भाग सीधे तौर पर समुदाय के ही उपयोग में आता है, और वह माल का रूप धारण नहीं करता। इसलिए यहाँ पर उत्पादन उस श्रम-विभाजन से स्वतंत्र होता है, जिसे मालों के विनिमय ने मोटे तौर पर पूरे हिन्दुस्तानी समाज में चालू कर दिया है। केवल अतिरिक्त पैदावार ही माल बनती है, और यहाँ तक कि उसका भी एक हिस्सा उस वक्त तक माल नहीं बनता, जब तक कि वह राज्य के हाथों में नहीं पहुँच जाता। पंचायतों में सुनियोजित श्रम-विभाजन और वर्गीकरण को इस आलेख के माध्यम से विस्तारित कर रही हैं मुक्ति श्रीवास्तव।

पंचायतों में सुनियोजित श्रम विभाजन

उन्नीसवीं सदी के अंत में इन कामन्स का निजीकरण तीव्र हो गया। सरकार की न्यायिक और विधायी कार्यवाहियों से मालिकान देह पर सामुदायिक नियंत्रण कमजोर पड़ गया था। नई कानूनी अदालतों ने विवाद निपटाने की देसी ग्रामसभाई पद्धति को विस्थापित करना शुरू कर दिया था। पंजाब टेनेन्सी एक्ट, 1868 के पारित होने से काश्तकारों के सार्वजनिक भूमि पर व्यक्तिगत अधिकार मान्य होने लगे थे। 1866 में पंजाब की चीफ कोर्ट की स्थापना हुई और 1872 में पंजाब लॉज एक्ट आया जिसने लोगों को पंचायतों के अलावा झगड़े सुलझाने का एक विकल्प उपलब्ध करवाया। धीरे-धीरे राज्य की एकाधिकारी शक्ति यहां भी स्थापित होती चली गई। होशियारपुर के बन्दोबस्त अधिकारी ने 1879-81 में ही लिखा : ग्राम समुदाय के बन्धन साल दर साल शिथिल होते प्रतीत होते हैं। पुरानी 'मालिकान-देह' पर ब्रिटिश बंदोबस्त अधिकारियों ने दखलकारों को उपयोग का अधिकार (Right of user) देना शुरू किया। आक्यूपेंसी अधिकार मालिकान देह के दुश्मन हो चले। इसने गोचर भूमि पर 'फ्री राइडिंग' की समस्या को जन्म दिया। 'प्रतिकूल कब्जे' की अवधारणा भी इस बीच पनपी। AIR 183 & CA 19PLR 1936 ने शामलात भूमि पर प्रतिकूल कब्जे के सिद्धान्त को मजबूत किया। इस बीच ऐसा नहीं कि सद्भावी ब्रिटिश न्यायाधीशों ने समुदाय के गोचारण अधिकारों की रक्षा नहीं की। 73 PR 19882-74 PR 1885, 121 PR 1885, 54 PR 1886 & 41 PR जैसे कई निर्णय हुए जिनमें समुदाय को व्यक्ति के ऊपर तरजीह दी गई। लेकिन चीफ कोर्ट हमेशा ही निम्न अदालतों को, बाजार की शक्तियों को, व्यक्ति को महत्व देने वाले सामान्य न्यायिक वातावरण को, फुटकर समूहों (स्प्लिंटर ग्रुप्स) और व्यक्तियों के एकांगी कार्यों को नियंत्रित नहीं कर सकती थी।

मालिकान-देह जैसी संस्थाओं का कमजोर पड़ना कारपोरेट नियंत्रण का कमजोर पड़ना था। फिर धीरे धीरे 'प्रतिकूल कब्जे' का एक नया वर्ग उभरा जिसने ग्रामीण वैयक्तिकता को काफी प्रोत्साहित किया। यों सहस्त्राब्दियों से चली आई पंचायतों का ध्वंस हुआ। जो ध्वस्त हुआ उसे बतलाने के लिये, पूर्णतः सहमत न होते हुए भी, मैं यहाँ मार्क्स की कृति 'पूँजी' के पहले भाग से भारतीय ग्राम समुदाय से संबद्ध विवरण को उद्धत करूँगी। प्रासंगिक अनुच्छेद इस प्रकार है :

'हिन्दुस्तान के वे छोटे-छोटे तथा अत्यन्त प्राचीन ग्राम समुदाय, जिनमें से कुछ आज तक कायम हैं, जमीन पर सामूहिक स्वामित्व, खेती तथा दस्तकारी के मिलाप और एक ऐसे श्रम-विभाजन पर आधारित हैं, जो कभी नहीं बदलता और जब कभी एक नया ग्राम समुदाय आरम्भ किया जाता है, तो पहले से बनी-बनाई और तैयार योजना के रूप में काम में आता है। सौ से लेकर कई हजार एकड़ तक के रकबे में फैले हुए इन ग्राम समुदायों में से प्रत्येक एक गठी हुई इकाई होता है, जो अपनी जरूरत की सभी चीजें पैदा कर लेता है। पैदावार का मुख्य भाग सीधे तौर पर समुदाय के ही उपयोग में आता है, और वह माल का रूप धारण नहीं करता। इसलिए यहाँ पर उत्पादन उस श्रम-विभाजन से स्वतंत्र होता है, जिसे मालों के विनिमय ने मोटे तौर पर पूरे हिन्दुस्तानी समाज में चालू कर दिया है। केवल अतिरिक्त पैदावार ही माल बनती है, और यहाँ तक कि उसका भी एक हिस्सा उस

वक्त तक माल नहीं बनता, जब तक कि वह राज्य के हाथों में नहीं पहुँच जाता। अत्यन्त प्राचीन काल से ही यह रीति चली आ रही है कि इस पैदावार का एक निश्चित भाग सदा जिंस की शक्ल में दिए जाने वाले लगान के तौर पर राज्य के पास पहुँच जाता है। हिन्दुस्तान के अलग-अलग हिस्सों में इन समुदायों का विधान अलग-अलग ढंग का है। जिनका सबसे सरला विधान है, उन समुदायों में जमीन को सब मिलकर जोतते हैं और पैदावार सदस्यों के बीच बांट ली जाती है। इस प्रकार, उन आम लोगों के साथ-साथ, जो एक सदा एक ही प्रकार के काम में लगे रहते हैं, एक 'मुखिया' होता है, जो जज, पुलिस और वसूलदार का काम एक साथ करता है, एक पटवारी होता है जो खेती-बाड़ी का हिसाब रखता है और उसके बारे में हर बात अपने कागजों में दर्ज करता जाता है, और एक कर्मचारी होता है जो अपराधियों पर मुकदमा चलाता है, अजनबी मुसाफिरों की हिफाजत करता है और उनको अगले गांव तक सकुशल पहुँचा आता है, पहरेदार होता है, जो पड़ोस के समुदायों से सरहद की रक्षा करता है, आबपाशी का हाकिम होता है, जो सिंचाई के लिए पंचायती तालाबों से पानी बाँटता है, ब्राह्मण होता है, जो धार्मिक अनुष्ठान कराता है, पाठशाला का पंडित होता है जो बच्चों को सिकता-पत्र पर लिखना-पढ़ना सिखाता है, पंचांग वाला ब्राह्मण या ज्योतिषी होता है, जो बुवाई, कटाई और खेत के अन्य हर काम के लिए मुहूर्त विचारता है, लोहार और बढ़ई होते हैं, खेती के तमाम औजार बनाते हैं और उनकी मरम्मत करते हैं, कुम्हार सारे गाँव के लिए बर्तन-भांडे तैयार करता है, नाई होता है, धोबी होता है, जो कपड़े धोता है, सुनार होता है और कहीं-कहीं पर कवि भी होता है, जो कुछ समुदायों में सुनार का और कुछ में पाठशाला के पंडित का स्थान ले लेता है। इन एक दर्जन व्यक्तियों की जीविका पूरे समुदाय के सहारे चलती है। अगर आबादी बढ़ जाती है, तो खाली पड़ी जमीन पर पुराने समुदाय की संरचना के मुताबिक एक नए समुदाय की नींव डाल दी जाती है। पूरी संरचना से एक सुनियोजित श्रम-विभाजन का प्रमाण मिलता है। किन्तु इस प्रकार का विभाजन हस्तनिर्माण में असंभव होता है, क्योंकि यहाँ तो लोहार और बढ़ई आदि हो जाते हैं। ग्राम-समुदाय में जिस नियम के अनुसार श्रम-विभाजन का नियमन होता है, वह एक प्राकृतिक नियम की भांति काम करता है, जिसके आड़े कोई नहीं आ सकता, और साथ ही हर अलग-अलग कारीगर-जैसे लोहार, बढ़ई आदि अपनी कार्यशाला में अपनी दस्तकारी की सारी क्रियाएँ परंपरागत ढंग से, किन्तु स्वतंत्र रूप से करता चलता है और अपने ऊपर किसी अन्य व्यक्ति का प्राधिकार नहीं मानता। इन आत्मनिर्भर ग्राम समुदायों में - जो लगातार एक ही रूप के समुदायों में पुनः प्रकट होते रहते हैं, और जब अकस्मात बरबाद हो जाते हैं, तो उसी स्थान पर उसी नाम से फिर खड़े हो जाते हैं- उत्पादन का संगठन बहुत ही सरल ढंग का होता है, और उसकी यह सरलता ही एशियाई समाजों की अपरिवर्तनशीलता की कुंजी है, उस अपरिवर्तनशीलता की, जिसके बिल्कुल विपरीत एशियाई राज्य सदा बिगड़ते और बनते रहते हैं और राजवंशों में होने वाले परिवर्तन तो मानो कभी रुकते नहीं। राजनीति के आकाश में जो तूफानी बादल उठते हैं, वे समाज के आर्थिक तत्वों की संरचना को नहीं छू पाते।

ग्राम-समुदाय में जिस नियम के अनुसार श्रम-विभाजन का नियमन होता है, वह एक प्राकृतिक नियम की भांति काम करता है, जिसके आड़े कोई नहीं आ सकता, और साथ ही हर अलग-अलग कारीगर-जैसे लोहार, बढ़ई आदि अपनी कार्यशाला में अपनी दस्तकारी की सारी क्रियाएँ परंपरागत ढंग से, किन्तु स्वतंत्र रूप से करता चलता है और अपने ऊपर किसी अन्य व्यक्ति का प्राधिकार नहीं मानता। इन आत्मनिर्भर ग्राम समुदायों में - जो लगातार एक ही रूप के समुदायों में पुनः प्रकट होते रहते हैं, और जब अकस्मात बरबाद हो जाते हैं, तो उसी स्थान पर उसी नाम से फिर खड़े हो जाते हैं- उत्पादन का संगठन बहुत ही सरल ढंग का होता है।

सजीव खेती में पौध पोषण की अवधारणा

पेड़-पौधों के वृद्धि व विकास के सारे घटकों भूमि, जल, वायु, सूर्य प्रकाश का निर्माण प्रकृति द्वारा किया गया है।

वायु में लगभग 78 प्रतिशत नाइट्रोजन, 21 प्रतिशत आक्सीजन, 0.03 प्रतिशत कार्बन डाईआक्साइड उपस्थित है। (यहां उल्लेखनीय है कि मानव निर्मित यूरिया में केवल 46 प्रतिशत नाइट्रोजन होता है।)

हरे पेड़-पौधे सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में वायु की कार्बन डाई आक्साइड एवं पानी की अभिक्रिया से स्वयं के लिये भोजन (ग्लूकोस) का निर्माण करते हैं। इस प्रक्रिया को प्रकाश संश्लेषण कहते हैं। इस प्रक्रिया में सूर्य की ऊर्जा का संचय होता है। पेड़-पौधे श्वसन क्रिया द्वारा इस संचित ऊर्जा का उपयोग वृद्धि विकास के लिये करते हैं।

मित्रों, भूमि माता सजीव है। इसमें रहने वाले असंख्य सूक्ष्मजीव पेड़-पौधों को उनकी आवश्यकता के आधार पर पोषक तत्व प्रदान करते हैं। उदाहरणार्थ, वायुमंडल की नाइट्रोजन को लेकर पेड़ पौधों की जड़ों को देने का काम। अनुपलब्ध पोषक तत्वों को पौधों को उपलब्ध कराना। जैविक खाद, इन सूक्ष्मजीवों का घर होती है। इन खादों के कम उपयोग से एवं रसायनों के उपयोग से ये मित्र जीव नष्ट हो जाते हैं।

मित्रों, विज्ञान भी इस तथ्य को मानता है कि जैविक खादों से सूक्ष्मजीवों द्वारा निर्मित ह्युमस पेड़ पौधों का संपूर्ण आहार है।

भूमि माता की आपसे सिर्फ इतनी अपेक्षा है, कि आप उसमें उगने वाले पौधों से दाने/अनाज लेकर उन पौधों के शरीर को वापस उन्नत जैविक खाद के रूप में उसे लौटा दें। भूमि माता अनंतकाल तक, सजीव रहकर आपको शुद्ध, अमृततुल्य अन्न देती रहेगी।

भूमि माता का असली आहार जैविक खाद है, न कि रासायनिक उर्वरक। जैविक खादों के उपयोग से :-

- भूमि की जल धारण क्षमता बढ़ती है।
- भूमि की संरचना सुधरती है।
- भूमि की पोषण गुणवत्ता बढ़ती है।
- भूमि के लाभकारी सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ती है।
- भूमि में वायु संचार बढ़ता है।
- भूमि का पीएच मान संतुलित रहता है।

हमने अपने ग्रामीण प्रवास के दौरान पाया कि किसानों द्वारा रासायनिक उर्वरक के रूप में मुख्यतया DAP, SSP, UREA का उपयोग किया जाता है।

एक ओर जहाँ ये उर्वरक हर वर्ष महँगे होते जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर किसानों को हर वर्ष इनकी उपयोग मात्रा बढ़ानी पड़ रही है। इन रसायनों के बढ़ते उपयोग से भूमि माता की उत्पादन क्षमता भी कम हो रही है।

दूसरी ओर हमने पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर खाद का महत्व कम होता जा रहा है। आम तौर पर किसान भाई अपने पास उपलब्ध गोबर भूसा आदि को गांव के आस पास बने गड्ढों में जमा करते जाते हैं तथा इसी प्रक्रिया से खाद पकाते हैं। बोलचाल की भाषा में इसे घूरा/रुखड़ा, उखेड़ा आदि नामों से ग्रामीण जानते हैं। इस प्रक्रिया में दो प्रकार से नुकसान होता है, एक तो बारिश का पानी इन गड्ढों में भर जाता है, जिससे इसके पोषक तत्व बहकर नीचे चले जाते हैं। दूसरा, इसमें खाद पकाने में वर्षभर लग जाता है। इस खाद की रही सही ताकत तब और भी कम हो जाती है, जब किसान भाई इसे भर गर्मी (अप्रैल-मई) में खेतों में फेंक आते हैं। इससे गोबर खाद के सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं, उसकी पोषण गुणवत्ता कम हो जाती है।

मित्रों, हमारा यह प्रबल विश्वास है, कि फसलों को उगाने के लिए सारे संसाधन ग्रामों में मौजूद हैं। यदि किसान के अंदर का वैज्ञानिक जाग जाये, तो वह ग्रामस्तर पर ही इन उर्वरकों का बेहतर विकल्प तैयार कर सकता है। 1 बोरी DAP के खरीद मूल्य में

30-35 बोरी DAP से बेहतर उन्नत खाद बनायी जा सकती है। इसे बनाने में श्रम भी बहुत कम लगता है।

हमारी संस्था पिछले कई वर्षों से ग्रामस्तर पर किसान वैज्ञानिक (उन्नतशील किसान) के सहयोग से हर रसायन का जैविक विकल्प बनाने में लगी है, और इस कार्य में हमें आशातीत सफलता मिल रही है। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान आदि राज्यों के हजारों किसान रसायनों का बेहतर जैविक विकल्प बनाकर सफल प्रयोग कर रहे हैं।

आइये जानें रासायनिक उर्वरकों के ग्रामस्तर पर बेहतर जैविक विकल्प की सरल प्रक्रियाओं को -

मटका खाद (जीवामृत)

आवश्यक सामग्री - 10 लीटर गोमूत्र, 10 किलो ताजा गोबर गाय या बैल का, आधा किलो गुड़, आधा किलो दाल की चूरी/आटा, आधा किलो मेड़ पर की मिट्टी, 10 केले तथा 1 लीटर दूध।

विधि - इन सभी सामग्री को किसी पुराने मटके में मिलाकर, मटके को मिट्टी के ढक्कन से ढंककर 6 से 7 दिन (ठंड में 9 से 10 दिन) के लिये रखते हैं। मिश्रण को रोज काठी से हिलायें। इससे उत्तम जीवाणु कल्चर तैयार होता है।

उपयोग - मटका खाद को 200 लीटर पानी में घोलकर, कम्पोस्ट गोबर खाद में मिलाने से खाद की गुणवत्ता बढ़ती है।

मटका खाद को 200 लीटर पानी में घोलकर, पौधे के पास जमीन में देने से अच्छे परिणाम मिलते हैं। यदि इस घोल को सूती कपड़े से छानकर फसलों में छिड़कते हैं तो फूल व फल अधिक लगते हैं।

इस मटका खाद को प्रत्येक सिंचाई जल के साथ (1 मटका प्रति एकड़) देवें। मटका खाद उपयोग से पेड़-पौधों का वृद्धि विकास बहुत अच्छा होता है।

उन्नत जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया- स्थान का चयन-खुला स्थान हो, मगर मध्यम छायादार हो। पानी की उपलब्धता हो।

प्रथम पद : वानस्पतिक/फसल अवशेष/गोबर को मिलाकर 4 फीट चौड़ाई के 8-10 फीट लम्बाई एवं 4-5 फीट ऊंचाई के बेड (शैय्या) भूमि के ऊपर तैयार कर लें। बेड (शैय्या) तैयार करते समय प्रत्येक 1 फीट की ऊंचाई पर 4-5 किलो दाल या मक्के की चुरी, 2 किलो गिट्टी खदान की चूरी तथा तालाब की मिट्टी (मुंडेर) की आधा इंच परत डालें।

बेड (शैय्या) तैयार करते समय मिश्रण में 10 प्रतिशत गोमूत्र वाला पानी आवश्यकतानुसार छिड़कें। मिश्रण को पॉलीथीन शीट से ढंककर या गोबर मिट्टी से लीपकर 30 दिनों के लिए रख देवें।

द्वितीय पद : 30-40 दिनों के बाद बेड की पलटीकर 10 प्रतिशत गोमूत्र वाला पानी आवश्यकतानुसार छिड़कें। मिश्रण को पॉलीथीन शीट से ढंककर या गोबर मिट्टी से लीपकर 30 दिनों के लिए रख देवें।

तृतीय पद : 60-70 दिनों के बाद पुनः बेड की पलटी कर बेड (शैय्या) में एक मटका खाद (जीवामृत) एवं 500 ग्राम ट्राइकोडर्मा पानी में घोलकर अच्छे से मिला देवें। बेड (शैय्या) में आवश्यकतानुसार नमी छिड़कर मिश्रण को पुनः पॉलीथीन शीट से ढंककर या गोबर मिट्टी से लीपकर 30 दिनों के लिए रख देवें।

विशेष : ध्यान रहे पूरी प्रक्रिया के दौरान मिश्रण में नमी की मात्रा संतुलित रहे। मिश्रण में नमी की मात्रा के अनुमान के लिए मिश्रण का हाथ से लड्डू बनाकर देखें। यदि लड्डू बनता हो और लड्डू अंगुली मारने पर टूट जाता हो तो यह नमी उपयुक्त नमी कहलाएगी। ज्यादा या कम नमी से सूक्ष्मजीव सक्रियता प्रभावित होती है।

इस प्रकार से लगभग 90-100 दिनों में आपके खेत के लिए उन्नत जैविक खाद तैयार है। इस प्रकार से निर्मित खाद की 5-10 क्विंटल मात्रा प्रति एकड़ बोनी से पूर्व खेत में देवें। यह खाद समस्त पोषक तत्वों तथा लाभकारी सूक्ष्म जीवों से युक्त है। किसान भाई इसे खड़ी फसल में पौधे के पास रिंग बनाकर भूमि में भी दे सकते हैं। जैविक खाद को बारीक कर पौधों की जड़ों के पास देना चाहिये। कई किसानों नें जैविक खाद बारीक करने व उसे भूमि में देने का यंत्र भी बनाया है।

जिस प्रकार हम होटल के खाने की तुलना में घर का बना भोजन पसंद करते हैं। उसी प्रकार आपसे निवेदन है कि धरती चूँकि हमारी माँ है और फसल अन्नदाता इन्हें भी घर पर बना हुआ शुद्ध जैविक भोजन खिलायें पिछले 30 वर्षों से बाजार का रासायनिक भोजन खाकर इनका हाजमा बिगड़ सा गया है।

● **अजीत केलकर**

निर्विरोध जीतें सरपंच और ग्राम पंचायतें होंगी पुरस्कृत

मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के समय निर्विरोध निर्वाचित सरपंचों और ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किया जाता है। विभाग द्वारा इस बार पुरस्कार राशि में वृद्धि की गई है। अब ऐसी ग्राम पंचायतें जहां सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं उन्हें एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा, ऐसी ग्राम पंचायतें जहां सरपंच और सभी पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं उस ग्राम पंचायत को पांच लाख रुपये से पुरस्कृत किया जायेगा और ऐसी ग्राम पंचायतें जिसके सरपंच और सभी पंच महिला हैं और निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं उन्हें दस लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप दिये जायेंगे। शासन द्वारा जारी इस आदेश को मध्यप्रदेश पंचायिका में यथावत प्रकाशित किया गया है।

मध्यप्रदेश शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन
आदेश

क्रमांक/एफ-13-2/2015/22/पं-2/2575 **भोपाल, दिनांक 18.03.2015**

इस विभाग के समसंख्यक आदेश क्रमांक/एफ-13-2/06/22/पं-2, दिनांक 20.06.2006 द्वारा निर्विरोध सरपंच तथा ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किये जाने की पुरस्कार योजना प्रभावशील है। इस योजना की पुरस्कार राशि में वृद्धि करते हुये निम्नानुसार पुरस्कार राशि निर्धारित की जाती है :-

क.	ऐसी ग्राम पंचायतें जिसके सरपंच निर्विरोध हुए हैं	पुरस्कार राशि एक लाख रुपये
ख.	ऐसी ग्राम पंचायतें जिसके सरपंच एवं सभी पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं	पुरस्कार राशि पांच लाख रुपये
ग.	ऐसी ग्राम पंचायतें जिसके सरपंच एवं सभी पंच महिला है	पुरस्कार राशि दस लाख रुपये

2. निर्विरोध निर्वाचित ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत करने की योजना की अन्य शर्तें निम्नानुसार हैं :-

(1) चयन समिति द्वारा निर्विरोध निर्वाचित सरपंच/ग्राम पंचायत की जानकारी स्थानीय जिला निर्वाचन शाखा से प्राप्त की जाएगी।

(2) प्ररूप 26-क में प्रकाशित निर्वाचन की अधिसूचना की पुष्टि निर्वाचन नियम 1995 के नियम 47 के अंतर्गत निर्विरोध निर्वाचन का रिटर्निंग आफिसर द्वारा जारी प्रमाण पत्र से की जाकर ही स्थानीय जिला निर्वाचन शाखा द्वारा निर्विरोध निर्वाचित सरपंच एवं ग्राम पंचायत के नाम की सूची चयन समिति को प्रेषित की जाएगी।

3. चयन समिति

(1) कलेक्टर	-	अध्यक्ष
(2) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत	-	सदस्य एवं सचिव
(3) प्रभारी अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) कलेक्टर कार्यालय	-	सदस्य

4. इस योजना के फलस्वरूप आने वाले व्यय लेखा शीर्ष (मांग संख्या - 74, मुख्य शीर्ष - 2515, उपशीर्ष - 00, लघुशीर्ष - 196/197/198, योजना क्रमांक - 8391 - त्रिस्तरीय पुरस्कार (आयोजनेत्तर), उद्देश्य शीर्ष - 42, वितरण शीर्ष - 009) से विकलनीय होगा।

5. पुरस्कार राशि का उपयोग ग्राम पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विकास कार्यों में कलेक्टर की अनुमति से किया जा सकेगा।

(डॉ. अरुणा शर्मा)
अपर मुख्य सचिव
मध्यप्रदेश शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

नगरीय निकायों की सीमा में शामिल पंचायतों का विशेष ऑडिट

मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न हो गए हैं। इन चुनावों में प्रदेश की ग्राम पंचायतों में से 205 पंचायतें, नगर निगम, नगम पालिका की सीमा में शामिल की गई हैं। जो ग्राम पंचायतें नगरीय निकायों में शामिल हुई हैं उन ग्राम पंचायतों का अस्तित्व समाप्त हो गया है लेकिन वे पूर्व में ग्राम पंचायतों के रूप में कार्य कर रही थीं और केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही थीं। अतः इस विघटित पंचायतों का विशेष ऑडिट कराना आवश्यक है। इस संबंध में पंचायत राज संचालनालय द्वारा स्थानीय निधि संपरीक्षा मध्यप्रदेश को इन पंचायतों का विशेष ऑडिट करवाने को कहा गया है। इस पत्र की विस्तृत जानकारी मध्यप्रदेश पंचायिका में प्रकाशित की गई है।

पंचायत राज संचालनालय, मध्यप्रदेश
1, अरेरा हिल्स, तिलहन संघ परिसर, भोपाल
(Telephone No. 0755-2557727, Fax No. 0755-2552899)
(E-mail address : dirpanchayat@mp.gov.in)

क्रमांक/पं.रा./पंचा.-ऑडिट/2015/3141 **भोपाल, दिनांक 26.03.2015**

प्रति,
संचालक,
स्थानीय निधि संपरीक्षा, मध्यप्रदेश
मोती महल ग्वालियर मध्यप्रदेश।

विषय - नगरीय निकायों की सीमा में शामिल ग्राम पंचायतों का विशेष आडिट।

प्रदेश की नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन वर्ष 2014-15 में मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्ण कराये गये हैं।

2. प्रदेश की संलग्न सूची अनुसार 205 ग्राम पंचायतें नगर निगम, नगर पालिका की सीमा में शामिल की गई हैं तथा ग्राम पंचायतों को नगर परिषद के रूप में उन्नयन करके नगरीय निकायों के चुनाव पूर्ण कराये गए हैं।

3. जो ग्राम पंचायतें नगरीय निकायों की सीमा में शामिल की गई हैं, उन ग्राम पंचायतों का अस्तित्व समाप्त हो गया है, किंतु वे वर्षों से ग्राम पंचायतों के रूप में कार्य कर रही थीं तथा केन्द्र/राज्य शासन द्वारा ग्रामीण विकास की जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रतिवर्ष अनुदान राशियां प्रदान की जाती रही है। इन राशियों का उपयोग ग्राम पंचायतों द्वारा किया गया है।

4. अतः विघटित ग्राम पंचायतों का विशेष आडिट एक माह के भीतर संपन्न कराकर आडिट रिपोर्ट संबंधित जिला एवं जनपद पंचायत को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

5. जिले वार विघटित ग्राम पंचायतों के संपादित आडिट की प्रगति से इस संचालनालय को भी सूचित करने का कष्ट करें। यह भी उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायतों द्वारा कराये गए निर्माण कार्यों में व्यय/उपयोग राशि का औचित्य प्रगति कार्य की अंतिम मूल्यांकन रिपोर्ट तथा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र से स्पष्ट होगी। अतः इन दोनों अभिलेखों की स्थिति से उपयोग की गई राशि की सद्पयोगिता तथा वसूली योग्य राशि की स्थिति का स्पष्ट उल्लेख रिपोर्ट में आवश्यक है। ऐसी किसी ग्राम पंचायत जिसमें प्रथम दृष्टया ही राशि गबन की स्थिति प्रकाश में आती है, तो इसके संबंध में संपरीक्षा दल प्रमुख द्वारा जानकारी कलेक्टर एवं इस संचालनालय के ध्यान में लाई जाए। अतः विशेष आडिट अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जावे।

(रघुवीर श्रीवास्तव)
आयुक्त
पंचायत राज संचालनालय, मध्यप्रदेश

त्रि-स्तरीय पंचायतों में स्थायी समितियों का गठन

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश की समस्त जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों में स्थायी समितियाँ गठित करने को कहा है। जिसका उल्लेख मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा 46 में किया गया है। यह समितियाँ त्रिस्तरीय पंचायतों के कार्य में सहयोग करने के लिए नीति-निर्देश तैयार करेंगी। राज्य शासन द्वारा जारी इस आदेश का प्रकाशन मध्यप्रदेश पंचायिका में यथावत किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
मंत्रालय, भोपाल

क्रमांक/एफ-16-2/2015/22/पं-2/ **भोपाल, दिनांक 24.03.2015**

प्रति,

1. संभागीय आयुक्त, संभाग - समस्त, मध्यप्रदेश।
2. कलेक्टर, जिला - समस्त, मध्यप्रदेश।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत - समस्त, मध्यप्रदेश।

विषय :- जिला पंचायत, जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायतों की स्थायी समितियों के गठन के संबंध में।

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 46 के तहत ग्राम पंचायतों की स्थायी समितियों के तथा अधिनियम की धारा 47 के तहत् जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत के लिए स्थायी समितियों के गठन करने का प्रावधान है। धारा 46 के अंतर्गत प्रभावशील मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत स्थायी समितियों के सदस्यों का पदावधि और काम-काज के संचालन की प्रक्रिया नियम 1994 तथा धारा 47 के अंतर्गत प्रभावशील मध्यप्रदेश जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत स्थायी समितियां (सदस्यों का निर्वाचन, उनकी शक्तियां और कृत्य तथा कार्यकाल और काम-काज के संचालन की प्रक्रिया) नियम 1994 अवलोकनीय हैं। इनका भलीभांति अध्ययन आवश्यक है।

2. ग्राम पंचायत की तीन स्थायी समितियों के गठन की कार्यवाही अविलंब प्रारंभ की जाये। जहां तक जिला पंचायत तथा जनपद पंचायतों की स्थाई समितियों के गठन का प्रश्न है इस संबंध में आपका ध्यान पंचायत राज अधिनियम की धारा 47 (2) के तहत आकर्षित किया जाता है, जिसमें जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत के विहित प्राधिकारी के अनुमोदन से पांच स्थायी समितियों के अतिरिक्त एक या अधिक स्थायी समितियां भी गठित की जा सकती हैं तथा उपधारा (1) में उल्लेखित पांच समितियों को आवंटित विषयों को अतिरिक्त गठित समिति को पुर्नविभाजित करना होगा। इस हेतु उपधारा 2-क अनुसार विहित प्राधिकारी का अनुमोदन अनिवार्य है।

3. जिला/जनपद पंचायत प्रत्येक स्थायी समिति में कम से कम पांच निर्वाचित सदस्य होंगे किंतु कोई भी सदस्य धारा 47 (7) के अनुसार एक ही समय में तीन से अधिक ऐसी समितियों का जो सामान्य प्रशासन समिति से भिन्न हों सदस्य नहीं होगा।

4. धारा 47-क के खंड (क) के उपबंध अनुसार विधान सभा का प्रत्येक ऐसा सदस्य जो जनपद पंचायत का सदस्य उस जनपद पंचायत का पदेन सदस्य होगा। (ख) संसद का प्रत्येक ऐसा सदस्य जो जिला पंचायत का सदस्य है, उस पंचायत में अपनी पसंद की किन्हीं दो समितियों का पदेन सदस्य होगा। (ग) जिला पंचायत की प्रत्येक समिति दो से अधिक ऐसे विधान सभा सदस्यों को जो उस जिला पंचायत के सदस्य हैं, इस शर्त के अध्यधीन रहते हुए सहयोजित करेगी कि विधान सभा का कोई भी सदस्य दो से अधिक समितियों का सदस्य नहीं होगा।

5. यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि मध्यप्रदेश जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत स्थायी समितियां (सदस्यों का निर्वाचन, उनकी शक्तियां, कृत्य तथा सदस्यों का कार्यकाल और काम-काज के संचालन की प्रक्रिया) नियम 1994 के नियम 3 सदस्यों की संख्या का अवधारण, नियम 4 अनुसार सदस्यों, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नामों के प्रकाशन की तिथि से एक माह के भीतर स्थायी समितियों का गठन तथा नियम 6 अनुसार पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति तथा धारा 47 की उपधारा 4 के अनुसार विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति आदि के प्रावधानों का भली भांति सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें। अतः उक्त उपबंध अनुसार स्थायी समितियों का समय-सीमा में गठन सुनिश्चित करें तथा आयुक्त, पंचायत राज संचालनालय मध्यप्रदेश को ई-मेल dirpanchayat@mp.gov.in पर गठित समितियों की सूची उपलब्ध करायें।

(डॉ. अरुणा शर्मा)
अपर मुख्य सचिव
मध्यप्रदेश शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवों के रिक्त पद भरे जायेंगे

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 में मध्यप्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में एक ग्राम पंचायत सचिव नियुक्त करने का प्रावधान है। ग्राम पंचायतों में सभी प्रशासनिक कार्य सुचारु रूप से चलें इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों को एक सचिव नियुक्त करने को कहा गया था लेकिन अभी भी कुछ ग्राम पंचायतों में यह पद रिक्त है। अतः जिन ग्राम पंचायतों में पद रिक्त हैं वे शीघ्र ही इन पदों को भरें। राज्य शासन द्वारा जारी इस आदेश का मध्यप्रदेश पंचायिका में यथावत प्रकाशन किया जा रहा है।

पंचायत राज संचालनालय, मध्यप्रदेश
1, अरेरा हिल्स, तिलहन संघ परिसर, भोपाल
(Telephone No. 0755-2557727, Fax No. 0755-2552899)
(E-mail address : dirpanchayat@mp.gov.in)

क्रमांक/पं.रा./पंचा.-1354/2015/2500 **भोपाल, दिनांक 17.03.2015**

प्रति,

1. कलेक्टर,
   जिला - समस्त,
   मध्यप्रदेश।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
   जिला पंचायत - समस्त,
   मध्यप्रदेश।

विषयः- ग्राम पंचायत सचिवों के रिक्त पदों की पूर्ति बाबत।

संदर्भः- मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-1-9/2012/22/पं-1, दिनांक 03 अक्टूबर 2012।

उक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। जिसके अनुसार मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 69 के प्रावधान अनुसार ग्राम पंचायत में एक सचिव नियुक्त किया जाना है। मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती और सेवा की शर्तें) नियम असाधारण राजपत्र दिनांक 29 मार्च 2011 बनाया जाकर, ग्राम पंचायत सचिवों का जिला काडर बनाया गया है। नियम 5 (1) (ग) (दो) के अनुसार शासन के उक्त संदर्भित पत्र द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों के 01 जनवरी 2015 की स्थिति में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु जिला स्तर से किये जाने हेतु निर्देश जारी किये गये हैं। कतिपय जिलों में उक्त निर्देशों का पालन आज पर्यन्त सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है। तद्नुसार जिले में नियमानुसार ग्राम पंचायत सचिवों के रिक्त पदों की पूर्ति कर इस कार्यालय को प्रति माह भरे, रिक्त पदों की जानकारी से अवगत करावें।

2. मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती और सेवा की शर्तें) नियम 2011 के नियम 6 के उपनियम 8 के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा प्रतिवर्ष 01 अप्रैल की स्थिति दर्शाने वाली जिले में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जाना है, तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावे, तथा प्रकाशित वरिष्ठता सूची की एक प्रति संचालनालय को अनिवार्य रुप से 30 अप्रैल 2015 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(रघुवीर श्रीवास्तव)
आयुक्त
पंचायत राज संचालनालय, म.प्र.

ग्रामीण क्षेत्रों से उभरेंगी खेल प्रतिभायें

बालाघाट जिले के खैरलांजी विकासखण्ड में महात्मा गांधी नरेगा के ग्रामीण क्रीड़ांगन उपयोजना क्रियान्वयन से उत्कृष्ट विद्यालय ग्राम पंचायत खैरलांजी में अध्ययनरत बच्चों को खेलने के लिए समतल मैदान उपलब्ध करा दिया है। अब यहां अध्ययनरत नन्हे-मुन्ने बच्चे कक्षा से छुट्टी मिलने के बाद इस नव निर्मित मैदान में ऐसे उछलते-कूदते और दौड़ते नजर आते हैं मानो उन्हें मैदान के रूप में एक खुला संसार मिल गया हो, जहां वे स्वतन्त्र रूप से जी भर के खेलते हैं।

स्कूल से लगे लगभग 5 एकड़ ऊबड़-खाबड़ एक तरफ अत्यधिक ढलान भूमि को मनरेगा के ग्रामीण क्रीड़ांगन उपयोजना से स्कूल के छात्र-छात्राओं के खेलने के लिए समतल बना दिया गया है। इससे पहले यहां खेलना सम्भव नहीं हो पाता था। ढलान में रिटेनिंग वाल बनाकर मिट्टी आदि से खूब भराव किया गया जब तक कि अन्य हिस्से के समरूप न हो जाए। जॉबकार्ड धारी मजदूरों को इस कार्य से रोजगार तो मिला ही साथ ही विद्यार्थियों को खेलने योग्य समतल मैदान भी मिल गया। अब अध्ययनरत स्कूली छात्रों के लिए क्रिकेट के अलावा अन्य खेल खेलना आसान हो गया है। सुन्दरता और पर्यावरण के दृष्टि से मैदान के चारों तरफ वृक्षारोपण कार्य भी किया गया। मैदान का समतलीकरण होने से विद्यार्थी कक्षा में पढ़ाई के साथ-साथ इस समतल मैदान में खेलते हैं और मन के साथ-साथ तन को स्वस्थ रख पाते हैं। यह सब सम्भव हुआ महात्मा गांधी नरेगा की ग्रामीण क्रीड़ांगन उपयोजना से।

● अरुण कुशराम